पाक्षिक



# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी | मो. 9587570001 | Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शनिवार 27 जून 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और 'मादक पदार्थ नियंत्रण पर विज़न डॉक्यूमेंट (2026-2029)' का विमोचन किया

# सभी राज्य एएनटीएफ को फुल-टाइम, डेडिकेटेड, इक्विप्ड और अकाउंटेबल यूनिट बनाए

### केन्द्रीय गृह मंत्री ने 'एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट -2025' का विमोचन और जम्मू और गुवाहाटी में एनसीबी के ज़ोनल कार्यालयों का ई-उद्घाटन भी किया

### बड़े एनडीपीएस मामलों में वित्तीय जांच, अपराध की कमाई को फ्रीज़ और सीज़ करना हमारी प्राथमिकता

**नई दिल्ली एजेन्सी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नार्को-को ऑर्डिनेशन सेंटर (NCORD) की 10वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने 'मादक पदार्थ नियंत्रण पर विज़न डॉक्यूमेंट (2026-2029)' और 'एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट -2025' का विमोचन और जम्मू और गुवाहाटी में NCB के ज़ोनल कार्यालयों का ई-उद्घाटन भी किया। अमित शाह ने 'ऑनलाइन ड्रग्स डिस्पोज़ल फोर्टनाइट कैंपेन' की शुरुआत भी की जिसमे 6,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 2,09,500 किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट करने का लक्ष्य रखा गया है।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज हमारा देश नारकोटिक्स के खिलाफ लड़ाई के ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां पर आने वाले 3 साल यह तय करेंगे कि नशा हम पर विजय प्राप्त करेगा या हम नशे पर विजय प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के आने वाले 100 वर्ष के भविष्य के लिए यह लड़ाई हमें दृढ़ता के साथ संयुक्त प्रयास से जीतनी चाहिए। यह लड़ाई कोई एक विभाग, राज्य, सरकार याव्यक्ति नहीं लड़ सकता बल्कि इसके लिए सभी राज्यों और उनके संबंधित विभागों को एक साथ एक मंच पर आना होगा। इस लड़ाई में हमें जनता को प्रेरित करने वाले संतों, देश का भविष्य तय करने वाले युवाओं और हमारी मातृशक्ति को भी जोड़ना पड़ेगा, तभी इस लड़ाई में हम पूरी तरह से सफल हो सकेंगे। शाह ने कहा कि मादक पदार्थों की समस्या केवल कानून व्यवस्था और सार्वजनिक स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है बल्कि यह देश की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, आर्थिक हितों की रक्षा और हमारी युवा पीढ़ी और उसके माध्यम से देश के भविष्य के साथ जुड़ी हुई समस्या है। इस समस्या पर संपूर्ण विजय प्राप्त करना भारत के सभी राज्यों का एक सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए।




अमित शाह ने कहा कि ड्रग तस्करी, संगठित अपराध, नार्को टेरर फाइनेंस और सीमापार के आतंकी नेटवर्क के वित्त पोषण के साथ यह समस्या एक Evolving Narco Terrorism Ecosystem भी बन चुकी है। हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा, अर्थतंत्र और युवा पीढ़ी के भविष्य की सुरक्षा के लिए हमें इस समस्या पर पूर्ण विजय प्राप्त करनी ही होगी। हम Death Triangle और Death Crescent के बीच में स्थित हैं और ड्रोन-आधारित ड्रॉप्स, समुद्री मार्गों से कंटेनराइज्ड कार्गो, डार्कनेट, क्रिप्टो पेमेंट, ऑर्डर टू डिलीवरी मॉडल, पार्सल का उपयोग आदि तरीकों से ड्रग का कारोबार करने वालों ने हमारी लड़ाई को और कठिन बना दिया है। नार्को ऑफेंडर्स आज टेक्नोलॉजी से सक्षम बन कर नेटवर्क आधारित बन चुके हैं और मल्टी-डोमेन अपराध के रूप में आज हमारे सामने खड़े हैं। इस कठिन लड़ाई के प्रति हमारी प्रतिक्रिया भी सामूहिक और संगठित, रोडमैप आधारित और आधुनिक और इंटेलिजेंस लीड-बेस्ड होनी चाहिए। हमारी अप्रोच टेक्नोलॉजी ड्रिवन होनी चाहिए और हमें रूथलेस अप्रोच के साथ नेटवर्क-सेंट्रिक लड़ाई लड़नी होगी तभी हम इस समस्या के खिलाफ विजय प्राप्त कर सकते हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमें ड्रग का व्यापार करने वालों के प्रति ruthless अप्रोच रखनी है और ड्रग के विक्टिम के प्रति sympathetic अप्रोच रखनी है। उन्होंने कहा कि हमारी सद्भावना ही उन विक्टिम बच्चों को फिर से सामान्य जीवन के साथ जोड़ सकती है और हमें उनकी अंगुली पकड़ कर सही रास्ते पर ले जाने का काम करना होगा।

अमित शाह ने कहा कि आज यहां पर किए गए प्रस्तुतिकरण में बहुत स्पष्ट रूप से चार स्तंभों के अंदर हमारी लड़ाई को व्याख्यायित किया गया है और हर स्तंभ के अंदर उसके उपस्तंभ भी तय किए गए हैं। हर उपस्तंभ के अंदर लक्ष्य और इसे प्राप्त करने की तिथि को भी चिन्हित कर दिया गया है। एक साल बाद इस योजना का हम पुनरीक्षण करेंगे और इसे रीडिफाइन कर अंतिम 2 साल की लड़ाई के लिए हम आगे बढ़ेंगे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज यहां एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट का भी विमोचन किया गया है। इसके साथ-साथ नशामुक्त भारत के रोडमैपके विजन डॉक्यूमेंट का भी आज विमोचन हुआ है। एनसीबी के गुवाहाटी और जम्मू ज़ोनल कार्यालयों का भी आज लोकार्पण किया गया। आज तक ज़िलास्तरीय एनकॉर्ड की 15876 बैठक हो चुकी हैं, राज्य स्तर की 266 बैठक हो चुकी हैं, एग्जीक्यूटिव स्तर पर सात बैठक कर चुके हैं और शीर्ष स्तर पर आज हम 10वीं बैठक कर रहे हैं। सभी राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख एनकॉर्ड बैठकों को परिणामलक्षित बनाने के लिए भी प्रयास करें।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 में विकसित भारत का एक लक्ष्य रखा है और नशामुक्त भारत का लक्ष्य भी प्रधानमंत्री जी ने हमें दिया है। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दिए गए इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 2026 से 2029 तक का रोडमैप चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। पहला स्तंभ -Enforcement, Intelligence और Operations इसका उद्देश्य है कि पूरे नेटवर्क पर लक्षित इंटेलिजेंस लीड कार्रवाई करें और नेटवर्क को नष्ट कर दें। दूसरा स्तंभ है - Precursors एवं Synthetic Drug Control। हमें उत्पादन स्तर पर ही नशे को रोकने की रणनीति अपनानी पड़ेगी। तीसरा स्तंभ- Demand और Harm Reduction के अभियान को समाज, शिक्षा और पुनर्वसन के माध्यम से हमें आगे बढ़ाना होगा। Capacity Building, Coordination और Monitoring के चौथे स्तंभ की रचना तंत्र को सक्षम, समन्वित, जवाबदेह और आधुनिक बनाने के लिए की गई है। यह रोडमैप Whole of Government Approach और Whole of Society Approach को ध्यान में रखकर बनाया गया है।इस रोडमैप में भारत के हर नागरिक का रोल समाहित किया गया है, लेकिन नागरिकों को प्रेरित करने का काम सभी राज्य सरकारें और भारत सरकार के सभी विभागों के सचिवों को करना पड़ेगा। इस रोडमैप की सफलता और लक्ष्यों की समय पर सिद्धि की जिम्मेदारी भी साझा है और उसकी निगरानी की भी व्यवस्था तय की गई है।

# महेश दीक्षित नए आईबी चीफ

### तपन डेका की जगह लेंगे : 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, एंटी टेररिज्म और खुफिया ऑपरेशन का अनुभव



**नई दिल्ली एजेन्सी।** केंद्र सरकार ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के स्पेशल डायरेक्टर महेश दीक्षित को देश की आंतरिक खुफिया एजेंसी का नया चीफ नियुक्त किया है। वे 30 जून को कार्यकाल पूरा कर रहे तपन कुमार डेका की जगह लेंगे। केंद्र सरकार ने महेश को दो साल के लिए IB डायरेक्टर नियुक्त किया है। महेश दीक्षित 1993 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के IPS अधिकारी हैं। फिलहाल IB में स्पेशल डायरेक्टर और एजेंसी के दूसरे सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में सब्सिडियरी इंटेलिजेंस ब्यूरो (SIB) के प्रमुख रह चुके हैं। एंटी टेररिज्म और खुफिया ऑपरेशन का लंबा अनुभव है।

मौजूदा आईबी डायरेक्टर तपन कुमार डेका का कार्यकाल 30 जून 2026 को समाप्त हो रहा है। डेका 1988 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के IPS अधिकारी हैं। वे जुलाई 2022 से IB प्रमुख थे। सरकार ने उन्हें दो बार सेवा विस्तार दिया था।

**2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने में अहम भूमिका**

अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने से पहले महेश दीक्षित सुरक्षा तैयारियों से जुड़े अहम अधिकारियों में शामिल थे। उन्होंने फैसले के सुरक्षा प्रभावों का आकलन किया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति तैयार करने में भूमिका निभाई।

**जम्मू-कश्मीर में संभाली अहम जिम्मेदारी**

राज्य के पुनर्गठन के बाद उन्हें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में महत्वपूर्ण खुफिया जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ लोगों का भरोसा बहाल करने में भी योगदान दिया।

## मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों ने हथियार बरामद कर चार उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इम्फाल, एजेन्सी।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों में इम्फाल पश्चिमी, इम्फाल पूर्वी, थौबल और काकचिंग जिलों में अलग-अलग अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद कर चार संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने गुरुवार को एक बड़े ऑपरेशन में इम्फाल पश्चिमी जिले से हथियारों का जखीरा बरामद किया। बरामद सामान में तीन एके राइफल, एक 9 एमएम पिस्तौल, चार मैगज़ीन, अलग-अलग कैलिबर के 37 कारतूस और दो बाओफेंग रेडियो वायरलेस हैंडसेट शामिल थे। ज़ब्त किए गए हथियारों और संचार उपकरणों को आगे की जांच के लिए अपने कब्ज़े में ले लिया गया है। गत 24 जून को चलाए गए एक अन्य ऑपरेशन में, सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस थाना के तहत याइरीपोक काकमाई लमखाई से एक संदिग्ध उग्रवादी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसके पास से एक .32 पिस्तौल और तीन कारतूस भरी मैगज़ीन बरामद की गई। उसी दिन, सुरक्षा बलों ने इम्फाल पूर्वी ज़िले के पोरोमपट पुलिस थाना के तहत शागोलसेम पुखरी के पास से एक और संदिग्ध उग्रवादी को गिरफ़्तार किया। थौबल ज़िले के खोंगजोम पुलिस थाना के तहत कल एक अलग ऑपरेशन में वांगजिंग सबल लीकाई से एक और संदिग्ध उग्रवादी को पकड़ा गया। इस बीच, 24 जून को काकचिंग ज़िले में एक संदिग्ध जबरन वसूली करने वाले को उसके इलाके से गिरफ्तार किया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम पहली बार सार्वजनिक

**नई दिल्ली एजेन्सी।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए भारतीय सशस्त्र बलों के 6 जवानों के नाम पहली बार आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किए गए हैं। इन नामों को नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के 'रोल ऑफ ऑनर' में शामिल किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 3D वॉल पर साल 2025 के खंड में भी उनके नाम अंकित किए गए हैं। नेशनल वॉर मेमोरियल के त्याग चक्र में 16 गोल ग्रेनाइट की दीवारें हैं, जिन पर आजादी के बाद से देश के लिए अपनी जान देने वाले हर सैनिक का नाम, रैंक और यूनिट लिखी हैं।

### 2 शहीदों को वीरता पुरस्कार मिला

छह शहीदों में से दो को वीरता सम्मान मिल चुका है। राइफलमैन सुनील कुमार को मरणोपरांत वीर चक्र दिया गया, जबकि सार्जेंट सुरेंद्र कुमार को उनकी बहादुरी के लिए मरणोपरांत वायु सेना मेडल मिला था।

**इन छह शहीदों में** - जिनमें से ज़्यादातर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अपनी जान दी - भारतीय सेना के पाँच जवान और भारतीय वायु सेना का एक सार्जेंट शामिल हैं। वे हैंः 1. सूबेदार मेजर पवन कुमार - हेडक्वार्टर, 10 इन्फैंट्री ब्रिगेड 2. राइफलमैन सुनील कुमार - चौथी




| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | SUB MAJ PAWAN KUMAR | OP SINDOOR | HQ 10 INF BDE |
| 5 | RFN SUNIL KUMAR, VrC | OP SINDOOR | 4 JAK LI |
| 6 | LNK DINESH KUMAR | OP SINDOOR | 5 FD REGT |
| 7 | AV MOOD MURALINAIK | OP SINDOOR | 851 LT REGT |
| 8 | HAV SUNIL KUMAR SINGH | OP SINDOOR | 237 FD WKSP COY |
| 9 | SGT SURENDRA KUMAR, VM | OP SINDOOR | 39 WG |

बटालियन, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट 3. लांस नायक दिनेश कुमार - 5 फील्ड रेजिमेंट 4. अग्निवीर मूड मुरली नायक - 851 लाइट रेजिमेंट 5. हवलदार सुनील कुमार सिंह - 237 फील्ड वर्कशॉप और, 6. सार्जेंट सुरेंद्र कुमार - 39 विंग, भारतीय वायु सेना। 7 मई 2025 की सुबह, भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया -- यह पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले का सीधा जवाब था -- जिसमें सौ से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और पाक-अधिकृत कश्मीर में उनके कैंप नष्ट कर दिए गए। इन हमलों के बाद, भारत ने कहा कि उसकी कार्रवाई 'सोची-समझी, नपी-तुली और तनाव न बढ़ाने वाली' थी, साथ ही यह भी दोहराया कि देश में सैन्य ठिकानों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर पहली बार 28-29 जून को दिल्ली में होगा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन

# ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ ही भविष्य की रणनीति तय करेगा राष्ट्रीय सम्मेलन- शिवराज सिंह

**नई दिल्ली एजेन्सी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 28 और 29 जून को नई दिल्ली के पूसा स्थित भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जहां गांवों के समग्र विकास, प्रमुख योजनाओं की समीक्षा और भविष्य की रणनीति पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के अनुरूप केंद्र सरकार ग्रामीण भारत के तेज, समावेशी और सतत विकास को नई दिशा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा मंथन करने जा रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पहली बार व्यापक रूप से आयोजित इस राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन-2026 में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए गांवों के विकास के लिए साझा रणनीति तैयार की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'विकसित ग्राम, विकसित भारत' के विजन को जमीन पर उतारना है। इसके तहत विकसित भारत- जी राम जी (VB-GRAM-G) अधिनियम-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं की बेहतर योजना-निर्माण प्रक्रिया और संसाधनों के कुशल उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY), दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM), ग्रामीण कौशल विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) जैसी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।



**सभी राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्री होंगे शामिल**

इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री भाग लेंगे। सम्मेलन में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों, नीति-निर्माताओं और विभिन्न योजनाओं से जुड़े विशेषज्ञों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। इस राष्ट्रीय मंथन में राज्यों के अनुभव, नवाचार और जमीनी चुनौतियों पर खुलकर चर्चा होगी, जिससे नीतिगत स्तर पर मजबूत और व्यावहारिक समाधान सामने आ सकें।

**थीमैटिक सत्र और बेस्ट प्रैक्टिस पर फोकस**

शिवराज सिंह ने कहा कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न थीमैटिक और ब्रेकआउट सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ग्रामीण आवास, सड़क कनेक्टिविटी, आजीविका, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। राज्यों द्वारा अपनाई गई सफल पहल और नवाचारों को साझा किया जाएगा, ताकि उन्हें अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सके।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि 'लखपति दीदी' पहल के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, ग्रामीण उद्यमिता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उपायों पर विशेष चर्चा होगी। इसके साथ ही ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास और बाजार से जुड़ाव पर भी फोकस रहेगा।

**तकनीक और एआई के उपयोग पर जोर**

चौहान ने बताया कि सम्मेलन में ग्रामीण विकास योजनाओं में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को विशेष महत्व दिया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म, रियल टाइम मॉनिटरिंग, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए विभिन्न तकनीकी समाधानों पर चर्चा की जाएगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी और प्रभावशीलता लाई जा सके।

**तय होगी आगे की दिशा**

शिवराज सिंह ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन 29 जून को प्लेनरी सत्रों और मंत्रिस्तरीय चर्चाओं के माध्यम से सभी राज्यों के सुझाव लिए जाएंगे और भविष्य की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह समापन सत्र में सम्मेलन के निष्कर्षों को प्रस्तुत करेंगे और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में गांवों की केंद्रीय भूमिका पर अपनी बात रखेंगे। ग्रामीण भारत के लिए नए संकल्प और ठोस कार्ययोजना

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी- ट्रस्ट महासचिव चंपत राय का इस्तीफा

### ट्रस्टी अनिल मिश्रा की छुट्टी; चंपत के ड्राइवर टिन्नू समेत 8 गिरफ्तार

**अयोध्या एजेन्सी।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्र्स्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी मंदिर की व्यवस्था से बाहर कर दिया गया है। चंपत के पास पूरे मंदिर की जिम्मेदारी थी। राय के बाद ट्रस्टी अनिल और गोपाल राव की मंदिर व्यवस्था में बड़ी भूमिका थी। एक हफ्ते पहले सीएम योगी अयोध्या दौरे पर गए थे। उस वक्त चंपत को उनके दौरे से दूर रखा गया था, तभी से यह सुगबुगाहट थी कि उन्हें हटाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा। चढ़ावा चोरी मामले में गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली स्नढ्ढक्र दर्ज कराई गई थी। इसमें चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। इसके बाद देर रात रामशंकर




यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को मेडिकल के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया।

**संजय राउत ने पूछा- उद्धव की ईंट कहां गई, केजरीवाल बोले- महापाप हुआ**

राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को एक्स पर पूछा, 'राम मंदिर के लिए उद्धव की दान की हुई 4 किलो चांदी की कहां गई? अब जवाबदेही तय करने का समय आ गया है।' दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को रामलला के दर्शन किए। कहा- जिन्होंने महापाप किया, उन्हें कड़ी सजा मिले। एफआईआर दिखावा है। बड़े लोगों को बचाने की कोशिश हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'आस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। सनातन के मूल्यों को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगी।'

**दावा- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा**

सूत्रों के मुताबिक, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा। ट्रस्ट में एक सेवानिवृत्त आईएएस या सेवानिवृत्त न्यायाधीश को बतौर सीईओ नियुक्त किया जा सकता है। चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे के बाद ट्रस्ट के पुनर्गठन की कवायद शुरू हो गई है। ट्रस्ट के पुनर्गठन और उसमें नए ट्रस्टी की नियुक्ति का निर्णय पीएम नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख मोहनराव भागवत और सीएम योगी आदित्यनाथ की सहमति से ही होगा।

# भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट 50 प्रतिभावान बच्चों को दिखाएगा बेहतर भविष्य की राह

## ट्रस्ट चलाएगा सुपर-50 कार्यक्रम, प्रत्येक विद्यार्थी पर खर्च होंगे तीन लाख, करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने की घोषणा





**बीकानेर, (खबर आस पास)।** बीकानेर जिले के 50 प्रतिभावान और जरूरतमंद युवाओं को करियर चयन में सहायता, संसाधन, मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से 'सुपर-50' कार्यक्रम चलाया जाएगा। इनका चयन एक कमेटी द्वारा किया जाएगा। दसवीं और बारहवीं परीक्षा पास विद्यार्थी, इस योजना के तहत चयनित होंगे जो नीट, यूपीएससी सहित अन्य स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी करेंगे।
केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीकानेर के प्रतिभावान बच्चे अवसर और संसाधनों की कमी के कारण बेहतर करियर से वंचित न रहें, इसके मद्देनजर भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा यह पहल की जा रही है। उन्होंने करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के लिए कमेटी बनाने तथा चयन की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि करियर की बेहतर राह पर ले जाने के लिए प्रत्येक बच्चे पर 3 लाख रुपए तथा कुल डेढ़ करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रतिभावान बच्चों की संख्या अधिक होने पर इसका दायरा बढ़ाया भी जा सकेगा।
केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दीपावली के आसपास वृहद करियर और रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में 2000 से अधिक युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर कंपनियों में रोजगार के अवसर मुहैया करवाए जाएंगे। मेघवाल ने भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा लगातार दूसरे वर्ष आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि युवाओं को बेहतर करियर तक पहुंचने में ट्रस्ट सेतु का कार्य कर रहा है। मेघवाल ने कहा कि आज के दौर में करियर के अनेक विकल्प हैं। युवा, सरकारी नौकरियों के अलावा भी बेहतर भविष्य की राह बढ़ सकते हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सर्वश्रेष्ठ विकल्प की ओर बढ़ाने का मार्गदर्शन प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने करियर के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प चुनने तथा चुने हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गंभीरता से मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने की सीख दी। विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने कहा कि युवा असफलता को चुनौती के रूप में लें तथा इससे निराश होने की बजाय अधिक ऊर्जा से आगे बढ़ें। उन्होंने शिक्षा के साथ कौशल क्षमता बढ़ाने का आह्वान किया। मेघवाल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत पंजीकृत प्रत्येक विद्यार्थी को प्रमाण पत्र, डिक्शनरी तथा प्रोत्साहन स्वरूप 500 रुपए प्रदान किया जा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि बच्चे इस राशि से पुस्तक खरीदें, जो कि उनके लिए उपयोगी साबित हों। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की दूरगामी सोच के तहत प्रारम्भ होने वाला सुपर-50 कार्यक्रम क्षेत्र के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। इससे पहले केंद्रीय मंत्री मेघवाल सहित सभी अतिथियों में मां सरस्वती, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा सुभावना मेघवाल के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान अनेक बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर सभी नशे को छोड़ने और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लें। कार्यक्रम के पश्चात मंत्री मेघवाल ने बच्चों के बीच पहुँचकर उनके करियर के बारे में जानकारी ली और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर बीकाजी के सहयोग से निर्विकल्प फाउंडेशन द्वारा संचालित करियर काउंसलिंग वैन के माध्यम से भी युवाओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

## 30वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह-2026 का आयोजन 29 जून को

- जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा सम्मान समारोह आयोजित
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
- शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 276 से अधिक भामाशाह, प्रेरक एवं एनआरआई दानदाता होंगे सम्मानित

**जयपुर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** शिक्षा के क्षेत्र में जनसहभागिता और सामाजिक योगदान को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 30वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 29 जून, 2026 (सोमवार) को जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मदन दिलावर करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा शिरकत करेंगे।
समारोह में राजकीय विद्यालय भवन निर्माण, अतिरिक्त निर्माण कार्य, निर्मित भवनों के विकास, भूमि उपलब्ध कराने तथा अन्य भौतिक संसाधनों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 276 से अधिक भामाशाह, प्रेरक एवं एनआरआई दानदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इनमें 154 भामाशाह, 99 प्रेरक तथा 23 एनआरआई दानदाता शामिल हैं।
यह आयोजन शिक्षा के विकास में समाज की सहभागिता, सहयोग और उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भामाशाहों के सहयोग से विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में उल्लेखनीय योगदान मिला है। इन भामाशाहों से वित्त वर्ष 2025-26 में 318 करोड़ रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ है। समारोह के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सहयोगियों को सम्मानित कर समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देने के साथ जनसहयोग की भावना को और अधिक सशक्त किया जाए।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला, दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ



**बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान' के तहत 17 से 26 जून 2026 तक जिलेभर में विभिन्न स्तरों पर जनजागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के समापन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के तहत जागरूकता कार्यशालाएं, शपथ ग्रहण समारोह और जनजागरण गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान 'नशा मौज नहीं, मौत है' विषयक फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा सार्वजनिक स्थलों पर कठपुतली शो एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। जिले के विभिन्न कोचिंग संस्थानों एवं नर्सिंग कॉलेजों में युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए 'नशे को ना, जीवन को हां' विषय पर शपथ दिलाई गई। ई-प्रतिज्ञा के माध्यम से भी बड़ी संख्या में लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। टीबी अस्पताल के सभागार में 'नशा करता, जीवन नाश' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में टीबी अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं डी-एडिक्शन क्लिनिक के डॉ. सी. एस. मोदी ने नशे के विभिन्न प्रकार तथा शरीर के अंगों पर उसके दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं पीबीएम अस्पताल के मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीगोपाल ने नशे से होने वाले मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने कहा कि 'नशा मुक्त भारत अभियान - विकसित भारत की पहचान' को सफल बनाने के लिए सामाजिक सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने 'नशा भारत छोड़ो' का आह्वान करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही समाज को नशामुक्त बनाया जा सकता है।

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता एवं मोटिवेशनल शिविर आयोजित

(खबर आस पास)

**लूणकरणसर।** अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर मॉडर्न लाइब्रेरी एवं तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में जागरूकता एवं मोटिवेशनल शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी दयानंद रूयल थे। मुख्य अतिथि दयानंद रूयल ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने का आह्वान करते हुए मादक पदार्थों से संबंधित विधिक प्रावधानों एवं दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं नशामुक्त युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं।
कार्यक्रम में थानाधिकारी गणेश बिश्नोई ने साइबर फ्रॉड से बचाव, यातायात नियमों की पालना तथा आमजन के सहयोग से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल सदस्य अधिकार मित्र श्रेयांस बैद ने बताया कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बीकानेर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशे की लत से होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नशा मुक्ति, निःशुल्क विधिक सहायता तथा मादक पदार्थों से संबंधित कानूनों की जानकारी प्रदान करते हुए युवाओं से नशे के विरुद्ध जनजागरण अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया। अधिकार मित्र पुष्पेंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया तथा समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन इंद्राज बिश्नोई एवं रामनिवास ने किया इस दौरान उपखंड अधिकारी द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई।

## सिंथेटिक नशे एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहकर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान

(खबर आस पास)

**बीकानेर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सिरोही एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में ग्रामीण उत्थान मानव संस्थान द्वारा संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, कालंद्री में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में रामेश्वर लाल बिश्नोई ने संस्थान द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं की जानकारी देते हुए डोडा, अफीम, सिंथेटिक नशे एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहकर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। पत्रकार विक्रम सिंह करणोत ने कहा कि नशा आज समाज के सामने गंभीर चुनौती बन चुका है। विशेष रूप से सिंथेटिक नशे का दायरा स्कूलों और कॉलेजों तक पहुंच रहा है, जिसे रोकने के लिए अभिभावकों, पुलिस और सरकार को संयुक्त प्रयास करने होंगे। मुख्य अतिथि महिपाल सिंह देवड़ा ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि परिवार और समाज दोनों स्तर पर जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से भी युवाओं को नशे की बुराइयों के प्रति प्रेरित करने का आग्रह किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक बिश्नोई ने कहा कि यदि किसी को नशे की खरीद-फरोख्त की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन पर जानकारी देकर प्रशासन का सहयोग करें। पंचायत समिति सिरोही के प्रधान हसमुख कुमार मेघवाल ने नशे के विरुद्ध जनजागरण अभियान को और मजबूत बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। वहीं केंद्र की स्वयंसेविका सानिया कुंवर ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वयंसेविका आरती लोहार, शोभा लोहार, पूजा लोहार, मेहर खान, संगीता तथा कुलदीप सिंह एवं अंकित सिंह को उत्कृष्ट योगदान के लिए अतिथियों द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र कालंद्री के परियोजना प्रभारी सीताराम सारण, सामाजिक कार्यकर्ता कांतिलाल, हरिकिशन, प्रबाराम घांची, सुमन, जगमालाराम, धीरज बागड़िया, हड़मत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईआरसीए टीम एवं अतिथियों ने नटवर सिंह को रावणा राजपूत समाज विकास संस्था का जिला अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दीं। अंत में उकाराम, सोहन टेलर, नवीन टेलर, गोवाराम घांची, शैलेश सिंह, पप्पू राम कालबेलिया, डूंगाराम मेघवाल, गलाबराम, मंछाराम, प्रमोद जोशी, हड़मत सिंह सहित ग्रामीणों एवं मरीजों ने नशा मुक्ति विषय पर संवाद कर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

## नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी से संबंधित विधिक प्रावधानों, मादक पदार्थों के दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान की

**बीकानेर (खबर आस पास)।** अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर अनुभवी आश्रम, ऋषिकेश रोड, भूपतवाला, हरिद्वार, उत्तराखंड में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। वक्ता मनोज सुरोलिया द्वारा बताया गया कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार एवं समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी से संबंधित विधिक प्रावधानों, मादक पदार्थों के दुष्परिणामों तथा पुनर्वास के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही लाभार्थियों को यह भी बताया गया कि नशे की लत से मुक्ति के लिए समय पर उपचार, परिवार का सहयोग एवं सामाजिक समर्थन अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) द्वारा संचालित DAWN (Drugs Awareness and Wellness Network) Scheme के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। लाभार्थियों को बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, नशे से प्रभावित व्यक्तियों को विधिक सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराना तथा उनके पुनर्वास एवं मुख्यधारा में पुनर्स्थापन हेतु आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करना है। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्ध सुविधाओं एवं उनके विधिक अधिकारों के संबंध में भी अवगत कराया गया। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी प्रदान की गई तथा बताया गया कि पात्र व्यक्ति किसी भी विधिक सहायता हेतु इस सेवा का निःशुल्क लाभ प्राप्त कर सकते हैं।
अंत में उपस्थित सभी लाभार्थियों को नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने, स्वयं नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। सभी लाभार्थियों ने शिविर में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

## व्यापारियों की नई आवाज: मोहन सुराणा बने उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष, विनोद गोयल को बीकानेर की कमान

(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह बीकानेर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह में बीकानेर के मोहन सुराणा ने राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष और विनोद गोयल ने बीकानेर जिला अध्यक्ष पद की शपथ ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी अतिथियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और व्यापारियों के हितों की रक्षा का आह्वान किया। प्रदेशाध्यक्ष मोहन सुराणा ने कहा कि मंडल व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा और व्यावसायिक हितों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। प्रदेशभर के व्यापारियों को जोड़कर उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाई जाएगी। जिलाध्यक्ष विनोद गोयल ने कहा कि बीकानेर जिले के व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। संगठन को मजबूत कर सभी व्यापारियों को एकजुट किया जाएगा। समारोह में केके मेहता, चंद्रशेखर शर्मा, इंद्र राव, पंकज अग्रवाल, महावीर बोथरा सहित व्यापार जगत के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने व्यापारी समाज के कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम करने का संकल्प लिया।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में मोहन सुराणा ने प्रदेश अध्यक्ष एवं विनोद गोयल ने जिला अध्यक्ष पद की ली शपथ




**बीकानेर (खबर आस पास)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बीकानेर के मोहन सुराणा ने राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष तथा विनोद गोयल ने बीकानेर जिला अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा एवं हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा संगठन को मजबूत बनाने एवं व्यापारियों के हितों के संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण करने के बाद मोहन सुराणा ने कहा कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा तथा व्यापारिक हितों को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।
जिला अध्यक्ष विनोद गोयल ने कहा कि बीकानेर जिले के व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा। समारोह में केके मेहता, चंद्रशेखर शर्मा, इंद्र राव, पंकज अग्रवाल, महावीर बोथरा सहित व्यापार जगत से जुड़े अनेक पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने व्यापारियों के हितों की रक्षा, संगठन के विस्तार एवं व्यापारी समाज के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

## बीकानेर में 'स्कॉर्पियो गैंग' का आतंक: दिनदहाड़े लाठी-सरियों से युवक को रौंदा, 5 नामजद

(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** बीछवाल थाना क्षेत्र में गुरुवार को बदमाशों के हौसले बुलंद दिखे। जैसलमेर बाईपास स्थित कानासर रेलवे फाटक के पास स्कॉर्पियो से आए हमलावरों ने एक युवक को लाठी और सरियों से बेरहमी से पीट दिया। लूणकरणसर निवासी मामराज पुत्र मुखराम नाथ की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई की है। मामराज ने बताया कि हमले में उसका भाई अर्जुन गंभीर रूप से घायल हुआ है। वारदात के बाद आरोपी स्कॉर्पियो से फरार हो गए। पुलिस ने शेर खान, सराज खान, दिले खान, अमीन खान, साहिल खान समेत 2-3 अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच एएसआई संपत सिंह कर रहे हैं। पुलिस गैंग के बाकी चेहरों और हमले की वजह खंगाल रही है।